भाकृअप-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र रांची

भाकृअप-राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो का क्षेत्रीय केंद्र रांची राजभाषा के 'क' क्षेत्र में आता है। इस कार्यालय में गत वर्ष में हिंदी की चार तिमाही बैठकें क्रमशः दिनांक 10.01.2022, 26.04.2022, 13.09.2022 एवं 27.10.2022 को आयोजित की गई , जिनमे केंद्र के सभी कार्मिकों ने भाग लिया । इनमें सभी बैठकों में केंद्र प्रभारी डॉ शशि भूषण चौधरी उपस्थित थे और दिशा निर्देशन भी किया। सभी बैठकों में हिंदी के प्रोत्साहन एवं प्रचार-प्रसार हेतु चर्चाएँ की गयी एवं अधिकतम कार्य हिंदी में करने हेतु निर्णय लिए गए । वर्ष 2022-23 में हिंदी की चार तिमाही कार्यशालाएं आयोजित की गई जिसमें सभी कार्मिकों को हिन्दी में आसानी से काम करने के बारे में बताया गया।

केंद्र में दिनांक 7-14, सितंबर 2022 के दौरान हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया और कार्यक्रम की शुरुआत में प्रभारी अधिकारी के साथ-साथ अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गणों ने भाग लिया । प्रभारी अधिकारी, डॉ चौधरी ने हिंदी की उपयोगिता के बारें में अवगत कराया और सभी को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जैसे कविता पाठ, अंग्रेजी-हिंदी अनुवाद, हिन्दी श्रुत लेखन, निबंध लेखन आदि जिसमे केंद्र के सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। माननीय संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वार क्षेत्रीय केंद्र रांची का सफलतापूर्वक निरीक्षण किया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक सहित संबंधित अधिकारियों के कार्यों को सराहा गया।